ई-21/1/2026-भाषा
राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
(हिंदी अनुभाग)
मानव अधिकार भवन, सी-ब्लॉक, जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स,
आई.एन.ए., नई दिल्ली - 110023

विषयः **हिंदी पत्रिका "मानव अधिकार : नई दिशाएं" (अंक-23) में प्रकाशन हेतु आलेख/ कहानी/ कविता आमंत्रित करने के संबंध में।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अपनी वर्षिक हिंदी पत्रिका **"मानव अधिकार : नई दिशाएं"** के 23वें अंक के लिए पत्रिका के मुख्य विषय

- मानव के सर्वांगीण विकास से विकसित भारत

एवं

उप विषय

- भारतीय संस्कृति और मानव अधिकारों की संकल्पना
- पर्यावरण और समाजिक समरसता
- नक्सलवाद से उबरे व्यक्तियों का समाज में समावेशन
- डिजिटल युग में मानव अधिकार

पर हिंदी में मौलिक लेख, कहानी और कविता आमंत्रित करता है। पत्रिका का लोकार्पण मानव अधिकार दिवस (10 दिसंबर 2026) को किया जाएगा। आयोग में प्रविष्टियां भेजने की अंतिम तिथि **30 सितम्बर, 2026** निर्धारित की गई है।

चयनित प्रविष्टियों को पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा तथा आयोग की ओर से निर्धारित मानदेय (आलेख, कहानी एवं कविता के लिए क्रमशः 10000 रुपये, 5000 रुपये तथा 3000 रुपये) दिया जाएगा। प्रविष्टियां केवल **मंगल (यूनिकोड)** फॉन्ट में **अधिकतम 2000 शब्दों** में ईमेल **adol.nhrc@nic.in** पर **30 सितम्बर 2026** तक अवश्य प्रेषित करें। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी।

**(अंजलि सकलानी)**
सहायक निदेशक (हिंदी)



1